प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 05 दिसम्बर, 2024 :-

(1) माननीय राज्यपाल ने आज राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों को राज भवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

माननीय राज्यपाल ने आज झारखण्ड विधान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष को शपथ दिलाई।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन स्थित अशोक उद्यान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में श्री राधाकृष्ण किशोर, श्री दीपक बिरुवा, श्री चमरा लिंडा, श्री संजय प्रसाद यादव, श्री रामदास सोरेन, श्री इरफान अंसारी, श्री हफीजूल हसन, श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, श्री योगेंद्र प्रसाद, श्री सुदिव्य कुमार एवं श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को झारखण्ड राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल महोदय ने सभी मंत्रीगण को शपथ लेने के उपरांत शुभकामनाएँ दी। इससे पूर्व राज्य की मुख्य सचिव ने माननीय मंत्रियों की नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव द्वारा माननीय मंत्रिगण को शपथ ग्रहण हेतु आमंत्रित किया गया।

माननीय मंत्रीगण के शपथ ग्रहण के पूर्व माननीय राज्यपाल ने झारखण्ड विधान सभा के वरिष्ठ सदस्य प्रो. स्टीफन मरांडी को झारखण्ड विधान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई।

उक्त शपथ ग्रहण समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, सांसदगण, विधायकगण तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा व पुलिस सेवा के वरीय पदाधिकारीगण समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।